भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 84**

उत्तर देने की तारीख 03 फरवरी, 2025
14 माघ, 1946 (शक)

**महिलाओं के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र**

**84. श्री थरानिवेंथन एम. एस. :**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार की सम्पूर्ण देश में विशेषकर महिलाओं के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्रों की स्थापना करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इन केन्द्रों के लिए अनुमानित निधि का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने सम्पूर्ण देश में इन केन्द्रों के लिए स्थल चिह्नित कर लिए हैं;

(ङ) यदि हां, तो तमिलनाडु सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) इनकी स्थापना कब तक किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (ग): वर्तमान में, देश भर में विशेषकर महिलाओं के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) स्थापित करने की कोई योजना नहीं है। तथापि, हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में पहले से मौजूद एनसीओई विशेष रूप से महिला एथलीटों की आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहा है।

(घ) से (च) : प्रश्न नहीं उठता।

*****